राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
पंचायती राज प्रारम्भिक शिक्षा

क्रमांक एफ 915(8)पराप्राशि/2012/पार्ट-3/146 जयपुर दिनांक -16/2/18

1. निदेशक (तकनीकी)
राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड
सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग,राज0जयपुर।

2. रजिस्ट्रार
मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय
उदयपुर।

3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद,श्रीगंगानगर,हनुमानगढ।

विषयः-तृतीय श्रेणी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा 2012 के अन्तर्गत जिला परिषद श्रीगंगानगर,हनुमानगढ द्वारा द्वितीय लेवल पंजाबी विषय की आयोजित की जा रही पुनःपरीक्षा की तिथि परिवर्तन के संबध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ तृतीय श्रेणी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा 2012 के अन्तर्गत जिला परिषद श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ द्वारा दिनांक 25.02.2018 को आयोजित होने वाली पुनःपरीक्षा की तिथि को, उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के नवीनतम फोटो एवं स्कैन्ड हस्ताक्षर वेबपोर्टल पर प्राप्त करने हेतु लगने वाले समय के दृष्टिगत आगे किये का निर्णय लिया गया है।

अब यह परीक्षा दिनांक 18.03.2018 रविवार को संबधित जिला परिषदों द्वारा तय किये गये परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक आयोजित होगी। उक्त पुनः परीक्षा के संबंध में निम्न समय सारणिका अनुसार कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

क0स0	कार्यवाही का विवरण	दिनाक	उत्तरदायी संस्था/व्यक्ति
1.	संबधित परीक्षा नियत्रक/अति0 परीक्षा नियंत्रक द्वारा पुनःपरीक्षा के लिये नोडल अधिकारी (राज.प्रशा.सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को) नियुक्त करना, कन्ट्रोल रूम गठन के आदेश प्रसारित करना।	16.02.2018	जिला कलक्टर
	मनोनीत परीक्षा एजेन्सी द्वारा दोनों जिलो के लिये पृथक पृथक ऑब्जरवर नियुक्त करना		मनोनीत परीक्षा एजेन्सी
	परीक्षार्थियों से फोटो एवं हस्ताक्षर तथा अन्य वांछित सूचनाएँ ऑनलाईन प्राप्त करने तथा प्रवेश पत्र जारी करने संबंधी कार्यो में वेबपोर्टल संबंधी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने बाबत नोडल अधिकारियों से समन्वयन बाबत प्रभारी अधिकारी नियुक्त करना		राजकॉम्प
2	जिला परिषदो द्वारा परीक्षा तिथि घोषित करते हुए परीक्षार्थियों से वेबपोर्टल के जरिये फोटो एवं हस्ताक्षर तथा अन्य वांछित सूचनाएं प्राप्त करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति जारी करना। प्रेस विज्ञप्ति में परीक्षा की तिथि, वेबपोर्टल का विवरण, परीक्षार्थियों द्वारा आवश्यक सूचनाएँ वेबपोर्टल पर उपलब्ध कराने की प्रकिया राजकॉम्प द्वारा नियुक्त किये जाने वाले प्रभारी अधिकारी एवं विभाग से समन्वय स्थापित कर तदनुसार प्रेस विज्ञप्ति जारी करेंगें।	19.02.2018	मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद,सम्बन्धित

www.rajteachers.com

3	वेबपोर्टल पर परीक्षार्थियो से नवीनतम स्केन्ड फोटो/हस्ताक्षर एवं अन्य सूचनाये प्राप्त करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करना (प्रारूप परि0–1) वेबपोर्टल पर राजकॉम्प द्वारा पुन:परीक्षा मे शामिल होने वाले अभ्यर्थियो के एप्लीकेशन आई0डी0,जिले का नाम,परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम एव रोल नम्बर की सूची अपलोड की जावेगी। परि0–1 पर उपलब्ध प्रारूप मे अन्य सूचनाएँ परीक्षार्थी को स्वयं भरनी होगी।	23.02.2018	राजकॉम्प
4	परीक्षार्थियो को बिन्दु संख्या 3 मे उल्लेखित सूचनाएँ वेबपोर्टल पर उपलब्ध कराने बाबत उन्हे ऑनलाईन आवेदन पत्र मे उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर पर एस0एम0एस0 भिजवाना।	26.02.2018	राजकॉम्प/ए.सी. पी. मुख्यालय
5	अभ्यर्थियो से पोर्टल पर स्केन्ड फोटो/स्केन्ड हस्ताक्षर व अन्य सूचनाएँ प्राप्त करना।	26.02.2018 प्रात 10.00 बजे से 08.03.2018 रात 12.00 बजे	राजकॉम्प द्वारा
6	पुन:परीक्षा मे सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियो के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की सुविधा उपलब्ध कराना तथा जिला परिषद को प्रवेश पत्रो की कार्यालय प्रति तथा उपस्थिति पत्र जरिये ईमेल उपलब्ध करान।	10.03.2018 सांय 6.00 बजे से	राजकॉम्प
7	पुन:परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र मय ओएमआर उत्तर पत्रक जिला परिषद द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी को सील बन्द लिफाफे उपलब्ध कराना। नोडल अधिकारी द्वारा उक्त सामग्री को तत्काल जिला कोषागार के डबल लोक मे रखवाया जावेगा।	16.03.2018	मनोनीत परीक्षा एजेन्सी
8	पुन:परीक्षा आयोजित की जाने की तिथि	18.03.2018 प्रात 11.00 बजे से 1.00 बजे	जिला परिषद
9	पुन परीक्षा के पश्चात परीक्षार्थियो द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रक, उपस्थित पत्रक सीलबंद लिफाफे मे प्राप्त करना।	18.03.2018 को परीक्षा समाप्ति पर	एजेन्सी मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त ऑब्जरवर
10	परीक्षा की अन्य व्यवस्थाएं विभाग द्वारा जारी किये हुये दिशा–निर्देशो के अनुसार संपादित करना।	–	मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद,संबधित।

उक्त कार्यक्रम अनुसार आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित की जावें।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

www.rajteachers.com

(नवीन महाजन)
शासन सचिव एवं आयुक्त

प्रतिलिपि ए.सी.पी. मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि आप द्वारा राजकॉम्प से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जावे।